




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 76 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 28 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## कौन पहनेगा बीजेपी जिलाध्यक्ष का ताज

### चौहान, कियावत, दीक्षित, पाटीदार, डांगी, चन्दवानी, शुक्ला, आंजना, पालीवाल या आएगा नया नाम..?




**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीजेपी जिलाध्यक्ष के लिये रायशुमारी हो चुकी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्यमित्र भार्गव ने मंदसौर जिले के 63 में से 60 लोगो से उनकी मन की बात सुनी और लिफाफा बंद कर भोपाल भेज दिया हैं।

बता दे की कयामपुर मण्डल अध्यक्ष महेंद्र गौड़ बीमार होने और उनका मोबाइल बंद होने से उनकी मन की बात निर्वाचन अधिकारी नहीं सुन सके। जबकि, बूढा मण्डल अध्यक्ष सुनील शर्मा और मण्डल प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह राणा की मन की बात इसलिए नहीं सुनी गई कि उनके निर्वाचन का मामला अपील समिति में चला गया था। यह भी माना जा रहा था कि उन्हें हटाकर किसी और को मण्डल का दायित्व दिया जायेगा।

इधर सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री कैलाश चावला सहित जो लोग रायशुमारी में नहीं पहुंच सके, उनसे निर्वाचन अधिकारी ने फोन पर चर्चा कर उनके मन की बात जानी। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो कुल जमा अजयसिंह चौहान, अनिल कियावत, राजेश दीक्षित, धीरज पाटीदार, हिम्मत डांगी, नरेश चन्दवानी, हितेश शुक्ला, गणपत आंजना, राजेश पालीवाल का नाम प्रमुखता से आया है। इधर अनुसूचित जाती जनजाति कोटे के लिए सुषमा आर्य, शांतिलाल मालवीय के नाम भी आए है। हालांकि, बीजेपी में क्या होगा यह ऊपर बैठे लोगो के मन में पहले से तय हैं। इसलिए क्या होगा, यह आगामी दिनों में सामने आ जायेगा।

## मनमोहन को सच्ची श्रद्धांजलि कैसे देंगे आज के कांग्रेसी..?

देश के प्रमुख अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इतिहास में दर्ज हो गए। ये एक ऐसा इतिहास है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के नेतृत्व में वित्तमंत्री के तौर पर मनमोहन सिंह ने देश की आर्थिक तरक्की की नींव रखी। नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के उस एक कार्यकाल के बाद देश में कई सरकारें आईं-गईं। खुद मनमोहन सिंह दस साल लगातार देश के प्रधानमंत्री रहे। गठबंधन की सरकारें बनी। भाजपा की सरकार को एक पूरा दशक मिला। अब भी उसके नेतृत्व में गठबंधन सरकार है। लेकिन, मजाल है कि किसी ने मनमोहन सिंह की रखी नींव से छेड़छाड़ की हो। ये जरूर हुआ कि कुछ सही, कुछ गलत तरीके से उनकी बनाई नीतियां आगे बढ़ती रहीं। इसलिए देश इस अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री का हमेशा ऋणी रहेगा।



प्रकाश भटनागर

मगर फिर वो एक दिन याद आ रहा है। जब राहुल गांधी किसी के निधन के बाद शोक पुस्तिका में अपना शोक दर्ज कराने के लिए अपने मोबाइल फोन में दर्ज किसी संदेश का सहारा लेते दिखे थे। इस स्मृति का वर्तमान से यह साम्य कि आज तो पूरी कांग्रेस ही उस दिन वाले गांधी जैसी नजर आ रही है। 'पूरी कांग्रेस' या 'पूरे कांग्रेसी' इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि ये दल तो अब वही है, जो राहुल हैं और इस दल के होने की पूर्णता के लिहाज से भी गांधी की हां में हां मिलाना जरूरी ही है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का समाचार सुनने के बाद यह सुनना बहुत जरूरी हो जाता है कि कांग्रेस अपने इस नेता को किस रूप में याद करेगी? 'याद रखना' कहना तो शायद ही संभव हो। डॉ. सिंह का नाम भले ही बहुत बड़ा हो। लेकिन, उनके उपनाम में 'नेहरू' या 'गांधी' नहीं था। बहरहाल, श्रद्धांजलि देना बहुत आसान है। मगर मनमोहन को याद करना तो कांग्रेस के लिए हाजमा बिगाड़ने जैसा मामला हो सकता है। यह पार्टी आज उन सभी आर्थिक सुधारों का विरोध करने पर पिल पड़ी है, जिनके पिलर यानी खंभे के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह की भूमिका को कोई भी नकार नहीं सकता।

राहुल गांधी से बहुत अधिक समझदारी की अपेक्षा करना बेमानी है। कांग्रेस में आज भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जो इस बात को जानते और मानते होंगे कि मोदी सरकार की आर्थिक और औद्योगिक नीतियों का विरोध करने का एक मतलब मनमोहन सिंह के देश के लिए अवदान पर मौन साध लेने जैसे अत्याचार से कम वाला विषय नहीं है। मोदी सरकार की इन नीतियों को लागू करने में कई चूक हो सकती है, मगर ये सब तो डा. मनमोहन सिंह भी करना चाहते ही थे। प्रधानमंत्री रहते हुए भी उन्हें नहीं करने दिया गया, ये अलग मसला है। इसलिए ऐसे लोग भला कैसे कुछ बोलेंगे? ये कांग्रेस (इंदिरा) नहीं बल्कि कांग्रेस (राहुल) वाला राहू काल झेल रही पार्टी का मामला है। इसलिए समझदारों की जमात भी इस पर चुप रहने में ही अपनी खैर मानेगी कि अडाणी, अम्बानी को लेकर मौजूदा केंद्र सरकार पर उनके नेता के हमले मूलत: मनमोहन सिंह की आत्मा पर प्रहार वाली बात ही है। पूंजीवादी देशों की बुरी दशा और अनिश्चय से भरी दिशा किसी से छिपी नहीं है। विकसित देश भी अर्थ वाली नीतियों के नाम पर अनर्थ के चलते तंगी और बेरोजगारी से बुरी तरह जूझ रहे हैं। मगर भारत का हिसाब अलग है। यह अलग तब शुरू हुआ, जब मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण की बात शुरू की। डॉ. सिंह की उदारीकरण की नीतियों ने देश को नई राह दिखाई। मगर अफसोस इस बात का कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार ने सिंह के सपनों को साकार होने का अवसर नहीं दिया।

अब जबकि मोदी सरकार आर्थिक और औद्योगिक सुधार के कार्यक्रमों को लेकर तेजी से आगे बढ़ चुकी है, तब उस गति की प्रगति को ध्यान से देखिए। उसमें कहीं न कहीं सिंह के कार्यक्रमों को उल्लेखनीय सुधार या कमियों के साथ अकल्पनीय स्वरूप प्रदान करने वाला तत्व शामिल है। जीएसटी मनमोहन सिंह का ही सपना था। वो लागू नहीं कर पाए। मगर मोदी ने कर दी। इसे लागू करने में कई कमियां हो सकती हैं। जीएसटी काउंसिंल में देश के तमाम राज्यों के वित्तमंत्री भी शामिल हैं, इसलिए वहां हो रही गड़बड़ियों में सभी की हिस्सेदारी है। मगर भाजपा का विरोध करना है और क्योंकि, नरेंद्र मोदी के हर काम को गलत ठहराना है। इसलिए कांग्रेस (राहुल) भेड़चाल पर चलते हुए अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री की सोच का शोचनीय तरीके से विरोध करने पर पिल पड़ी है। वह यह देखकर भी देखना नहीं चाहती है कि उदारीकरण के चलते देश में विदेशी निवेश बढ़ने और स्थानीय उद्योगों को वैश्विक परिदृश्य पर हुनर दिखाने के सपने की नींव मनमोहन ने ही रखी थी। जिससे आज रोजगार में वृद्धि सहित देश की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार का मार्ग प्रशस्त हो सका है।

अब भला जिनका सपना किसी भी तरह प्रधानमंत्री का पद पाना हो, उनके लिए अपने अर्थशास्त्री विद्वान नेता के सपनों की भला क्या हैसियत रह जाती है? इसीलिए देखिए कि सिंह को श्रद्धांजलि देते समय कांग्रेस उनके सुधार कार्यक्रमों का उल्लेख करने से भी बचने की मुद्रा में ही बात रख पा रही है। राहुल गांधी अपनी श्रद्धांजलि में जब सिंह की आर्थिक समझ की तारीफ करते हैं, तब वह इसका खुलासा करने से पीछे होते भी नजर आते हैं। जाहिर है कि उन्हें इस विषय की गहराई में जाने पर अतीत के तार आज से जुड़ने का खौफ सता रहा है। इसलिए निश्चित ही एक बार फिर कोई ऐसा संदेश किसी जगह से चला होगा, जिस पर यह गाइडलाइन होगी कि आज की कांग्रेस को कल वाले मनमोहन सिंह के लिए क्या लिखना है। इसमें भी खास जोर इस बात पर होगा कि उनके बारे में क्या नहीं लिखा जाना है। आखिर ये आज की कांग्रेस है। ये राहुल गांधी की कांग्रेस है। मल्लिकार्जुन खड़गे तो वैसे ही हैं, जैसे प्रधानमंत्री रहते हुए डॉ. मनमोहन सिंह कर दिए गए थे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण: स्कूल बनेंगे टॉप टेन की राह में रोड़ा

## कहीं पानी की समस्या तो कहीं शौचालय नहीं, 30 अंकों का स्कूली पेपर होगा कठिन



**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** साल 2025 के लिए जिले में स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे की तैयारी शुरू हो गई है। जनवरी के पहले सप्ताह में सर्वे टीम के आने की संभावना है। पिछले साल की बात करें तो स्वच्छता सर्वेक्षण में मंदसौर काफी पिछड़ा था। इस बार जिम्मेदारों ने साफ सफाई के लिए अत्याधुनिक संसाधनों की खरीदी के साथ योजना तो तैयार की है। लेकिन, यहां के स्कूल अधिकारियों की मेहनत पर पानी फेर सकते हैं। इसका कारण है इस बार स्वच्छ भारत अभियान की थीम में सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को शामिल किया है। सर्वे टीम अब स्कूलो में बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल, साफ टॉयलेट, ओडीएफ के साथ साफ सफाई आदि स्वच्छता से जुड़े बिंदुओं का आकलन करेगी। स्कूलों से निकलने वाले गीले कचरे की खाद बनाने के लिए परिसर में कंपोस्ट पिट बनाने, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट की उपलब्धता आदि होने पर ही 30 अंक मिलेंगे, अन्यथा नहीं। अब बात करें सरकारी स्कूलों की तो कहीं पानी की समस्या तो कहीं शौचालय तो कहीं स्कूलों के आसपास पसरने वाली गंदगी स्वच्छता की दौड़ में टॉप 10 की राह को मुश्किल बनाएगी। कहीं न कहीं यह 30 नंबर का स्कूली पेपर कठिन होगा।

सरकारी स्कूलों, शहर के कुछ कॉलोनियों व मुख्य मागों पर कचरा व गंदगी पड़ी है। सार्वजनिक स्थलों पर सुविधायुक्त शौचालय की व्यवस्था तक नहीं है। इन तमाम कमियों के चलते स्वच्छता सर्वेक्षण में मंदसौर की रैंकिंग पिछड़ सकती है। फिलहाल कमियों को दूर करने के लिए नगर पालिका की कोई कार्य योजना धरातल पर नहीं नजर नहीं आ रही है। दरअसल, पिछले साल स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में मंदसौर का प्रदेश में 9वां स्थान था। इसके पहले भी जारी हुई रैंकिंग में मंदसौर टॉप-10 में था। यदि इस बार भी नपा ने रैंकिंग में सुधार के लिए कोई पहल नहीं की तो 2025 की रैंकिंग में मंदसौर फिर टॉप-10 में जगह बनाने से पिछड़ जाएगा। इधर, इस साल से स्वच्छता सर्वेक्षण में स्कूलों के अंक जुड़ने की सूचना मिलते ही 'गुरु एक्सप्रेस' की टीम ने शहर के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर स्थिति देखी तो हकीकत का पता चला। बालागंज स्कूल परिसर में लगने वाले स्कूलों की स्थिति सबसे ज्यादा दयनीय नजर आई। थोड़ी सी बारिश में यहां कीचड़ जमा हो गया। इसके अलावा नूतन स्कूल, हायर सेकेंडीरी स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के आसपास खाने पीने के ठेले लगे हुए है। जिसके कारण यहां सफाई व्यवस्था को बनाए रखना मुश्किल होता है। कई जगहों पर शौचालय व पेयजल आदि की भी सुविधायुक्त व्यवस्था भी नहीं है। इधर उधर से जुगाड़ कर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना मजबूरी है। वहीं शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं होने से भी साफ सफाई नहीं हो पा रही।

### शहरवासियों से लेंगे फीडबेक...

जानकारी के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य चार चरणों में पूरा होगा। सर्वे टीम करीब 12 बार ऑनलाइन वेलिडेशन (आम जनता से फीडबैंक) लेगी। दूसरे चरण में शहर की कॉलोनी और बस्तियों में साफ-सफाई की स्थिति और आखिरी सर्वे में फील्ड असेसमेंट ऑफ ऑल इंडिकेटर की प्रक्रिया पूरी होगी। सर्वे के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम), सार्वजनिक सांह और परिवहन के साथ बल्क वेस्ट जनरेटर (बीडब्ल्यूजी) शामिल किया जाता है। स्वच्छता सर्वेक्षण के कुल अंक 9500 निर्धारित है। जिसमें अलग-अलग कैटेगरी के लिए अलग अंक निर्धारित है। इसमें अब स्कूलों की स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति पर 30 अंक मिलेंगे।

### पिछले साल पिछड़ गया था मंदसौर...

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की बात करें तो मंदसौर नगर पालिका पिछड़ गई थी। एक लाख तक की आबादी वाले शहरों मंदसौर नगर पालिका को देश में 51वां और प्रदेश में 15वां स्थान मिला था। जबकि, इसके पहले 2022 में देश में 32वां और प्रदेश में 9वां स्थान मिला था। 2021 की स्वच्छता रेटिंग में मंदसौर नगर पालिका देश में 63वें और प्रदेश में 7वें स्थान पर थी। पिछले साल तो प्रदेश के टॉप 10 की लिस्ट से भी मंदसौर नगर पालिका बाहर हो गई थी। जबकि, बीते वर्षों से सबक लेकर आगे बढ़ना था। लेकिन देश में 19 पायदान गिरकर 51वे नंबर पर पहुंच गया था। प्रदेश में भी 6 पायदान की गिरावट हुई थी। अब भी स्वच्छ शहर बनाने के लिए जो जरुरी हो, वह सब किया जाना चाहिए।

# खड़ी फसल पर चली जेसीबी

## नाले की सरकारी जमीन पर किए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाया

**मनासा, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरथुन में शुक्रवार दोपहर प्रशासन की टीम ने सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया।

जानकारी के अनुसार यहां नाले की सरकारी भूमि पर गांव के ही देवीसिंह नामक व्यक्ति की ओर से करीब एक बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही थी। जिसकी शिकायत गांव के ही अतिक्रमणकर्ता के ही रिश्तेदार ने सीएम हेल्पलाइन पर की थी। इस पर शुक्रवार को प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर कार्रवाई की है।

दरअसल देवी सिंह उक्त शासकीय भूमि पर विगत कई वर्षों से अतिक्रमण कर खेती कर रहा था। वहीं वर्तमान में भी गेंहू की फसल खेत में लगा रखी थी। जिसे शुक्रवार को बुलडोजर से उखाड़ दिया गया। इस संबंध में अतिक्रमणकर्ता को नोटिस भी दिया गया था और उसके बाद शुक्रवार को दोनों पक्षों की सहमति और मौजूदगी में कार्रवाई की गई। इसके साथ शिकायतकर्ता की भी इसी खसरा नंबर पर किए गए करीब आधा बीघा अतिक्रमण को भी हटाया गया। अवैध अतिक्रमण को हटाने की इस कार्रवाई के दौरान ग्राम पटवारी, पंचायत सचिव सहित स्थानीय अमला मौजूद रहा।



# लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

## व्यापारी को निशाना बनाकर ले गए थे नगदी और सोने की चेन

**नाहरगढ़, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के रूपणी चौपाटी के पास हुई लूट की वारदात के मामले में पुलिस ने तीन बदमाशो को दबोचा है। व्यापारी की आंखों में मिर्ची डालकर बदमाश 40 हजार रूपए नगदी और सोने की चेन लूट कर ले गए थे।

पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने बताया कि बीती 08 दिसंबर को आदित्य कुमार पिता कृष्ण वल्लभ मोदी निवासी कयामपुर अपने संस्थान को मंगल कर रूपणी चौपाटी के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान शाम करीब 7:30 बजे बदमाशों ने व्यापारी की आंखों में मिर्ची डाली और 40 हजार रूपए नगदी और सोने की चेन का टुकड़ा लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले में आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी नितेश पिता दशरथ जाट उम्र 22 साल निवासी बेटीखेडी थाना नाहरगढ, जसवंत पिता मांगीलाल जाति सूर्यवंशी उम्र 24 साल निवासी बेटीखेडी थाना नाहरगढ और सुनिल पिता शंकरलाल जाति मालवीय उम्र 23 साल निवासी देवाखेडा थाना नाहरगढ को गिरफ्तार कर उक्त प्रकरण मे लुटा गया मश्रुका बरामद किया गया।

## बोरे में मिला महिला का शव, फैली सनसनी....

**दलौदा, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भावगढ थाना क्षेत्र के ग्राम ताजखेड़ी ओर मजेसरा गांव के बीच मेन रोड से 400 फ़ीट अंदर कच्चे रास्ते पर एक बोरी में महिला का शव मिला। यह जानकारी जैसे ही ग्रामीणों में सनसनी फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 8 बजे सड़क से गुजर रहे किसी राहगीर को एक पैक बोरा दिखा, जो कि बहुत बदबू मार रहा था। राहगीर ने तत्काल क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को सूचना दी। जनप्रतिनिधि ने थाने पर जानकारी दी। जिस पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और थाना पुलिस ने बोरी को खोला तो उसमें महिला का शव दिखा। महिला ने कान में बाली पहन रखी थी। मामले में विस्तृत जानकारी के लिए भावगढ टीआई को कॉल किया, लेकिन उनका मोबाइल नो रिप्लाय हुआ।

# अंचल में अनेक स्थानों पर बारिश के साथ ओले गिरे, कहीं-कहीं बूंदाबांदी

## दिनभर छाए रहे बादल, मंडी में किसानों की उपज भीगी



**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मौसम विभाग ने 27 दिसंबर शुक्रवार को बारिश की आशंका जताई थी। उसी अनुरुप शुक्रवार दोपहर में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी के रूप में बारिश हुई। अंचल में कई जगहों पर बारिश का दौर चला। शहर सहित अनेक स्थानो पर छोटे-छोटे ओले भी गिरे। मंदसौर में बारिश के चलते कृषि उपज मंडी में किसानों की लहसुन सहित अन्य उपज भीग गई। दिनभर बादल छाए रहे। जिसके कारण तापमान में गिरावट आई। ठंडी हवाओं का दौर भी जारी रहा।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। वहीं, हवा का असर भी है। अगले 2 दिन इस सिस्टम का असर रहेगा। 29 दिसंबर को सिस्टम का असर कम हो जाएगा। फिर टेम्प्रेचर में गिरावट होगी। वहीं, कोहरा भी छाएगा।

### आज पूरे प्रदेश में असर रहेगा...

मौसम विभाग के अनुसार, आंधी, बारिश और ओले का स्ट्रॉन्ग सिस्टम रहेगा। पूरे प्रदेश में ही मौसम बदला रहेगा। रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, सागर, पांढुर्णा और बड़वानी में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। यहां 40 से 50 किमी प्रति



घंटे तक हवा चलेगी। यहां ऑरेंज अलर्ट है। अन्य जिलों में कहीं बारिश तो कहीं गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। सिस्टम के गुजरने के बाद प्रदेश में कोहरे और ठंड का असर बढ़ जाएगा। यानी, नए साल पर लोगों को कड़ाके की ठंड के दौर से गुजरना पड़ सकता है। इसके बाद पूरे एक महीने तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है।


## स्मृति बैंक

स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित

## स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर

13 -14, तिरूपति नगर स्टेशन रोड, मन्दसौर (म. प्र.) 458001
टेलीफोन नं-07422-241104, 405622

क्र. 3051 दिनांक 23.12.2024

### *** सूचना-पत्र ***

बैंक के समस्त अंशधारियों को सूचित किया जाता है कि बैंक की विशेष साधारण सभा दिनांक 14 जनवरी 2025, मंगलवार को सायं 4.00 बजे मंदसौर विश्व विद्यालय परिसर रेवास देवड़ा रोड, बॉय पास मन्दसौर(म.प्र) पर आयोजित की गई, जिसमें निम्न विषयों पर विचार किया जाना है।

अत: विशेष साधारण सभा में आपकी उपस्थिति निवेदित है। नियत समय पर गणपूर्ति नहीं होने पर आधा घण्टा प्रतिक्षा के उपरांत इसी स्थान पर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी।

विषय सूची

1. स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर के साथ सद्भाव नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित छतरपुर(म.प्र) एवं दिकोणार्क अर्बन को-आपरेटिव्ह बैंक, उल्लास नगर (महाराष्ट्र) का विलयन करने के संबंध में।

2. अन्य विषय - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से

सुनील पंजवानी
मुख्य कार्यपालनअधिकारी



# सांवरिया सेठ के दर्शन करने 30 पदयात्रियों का जत्था मंदसौर से रवाना

**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी से करीब 130 किलोमीटर दूर सांवरिया सेठ के दर्शन करने 30 पदयात्रियों का जत्था शुक्रवार को मंदसौर रवाना हुआ। 4 दिवसीय यात्रा कर श्रद्धालु 30 दिसम्बर को सांवरियाजी पहुंचकर भगवान के दर्शन कर सभी के सुख-शांति व समृद्धि की कामना करेंगे। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर व पुष्पमाला पहनाकर पदयात्रियों को विदाई दी गई।

27 दिसम्बर, शुक्रवार को शहर में शोभायात्रा निकली। शुरुआत नरसिहघाट गली जनकूपुरा स्थित नाहसिंह माता मंदिर में पूजन आरती से हुई। सांवरियो है सेठ म्हारी राधा जी सेठानी है ,छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है जैसे सुमधुर भक्ति गीतों की बैंड की धुन पर ढोल नगाड़ों के साथ झूमते नाचते ध्वजा लहराते युवा सांवरिया जी के लिये पैदल निकले। पद यात्री अजय मित्तल ने बताया कि विगत 7 वर्ष से निरंतर पदयात्रियों का जत्था सांवरियाजी दर्शन हेतु जाता है। पहला पड़ाव मल्हारगढ़, दूसरा नीमच व तीसरा निम्बाहेड़ा विश्राम कर यात्री सांवरिया सेठ पहुंचते है। 7 लोगों से शुरू हुआ यह क्रम प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है।

**जगह-जगह हुआ स्वागत-** गणपति चौक में जलेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया, तत्पश्चात् रामटेकरी चौराहे पर गोवर्धन परिक्रमा दल से स्वागत किया। उसके पश्चात् पदयात्रियों ने खाटूश्यामजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। यहां से शोभायात्रा जैन कॉलेज के सामने पराक्रमी बालाजी पहुंची जहां आशीष नीमा मित्र मण्डल मण्डल ने ढोल ढमाकों व भव्य पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कृषि उपज मण्डी के बाहर मण्डी व्यापारियों द्वारा पदयात्रियों का स्वागत किया।

**ये पदयात्री हुए शामिल-** यात्रा में अजय मित्तल, दीपक सोनी, प्रकाश लोहार, चिराग माली, खुशालसिंह पंवार, तुषार माली, प्रद्यूम कुमावत, राहुल माली, अविनाश माली, कान्हा सोनी, प्रकाश सोनी, शुभम राठौर, गोपाल राठौर, नरेन्द्र भैया, विशेष भया, नितिन शर्मा, नीलेश कुमावत, राजेश गायरी, मंगल ठाकुर, राजू पंडित, रचित अग्रवाल, महेश लौहार, लखन माली, नरेन्द्र भैया, वंश पुरोहित, ऋषभ, राहुल, कैलाश, मांगीलाल, शुभम आर्थर आदि रवाना हुए।

## गुजराती सेन समाज नगर इकाई के निर्वाचन हेतु बैठक आज

**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज नगर इकाई मंदसौर के निर्वाचन हेतु एक बैठक का आयोजन आज 28 दिसंबर, शनिवार को सायं 5 बजे नगर पालिका सभागृह में आयोजित की गई है। जिसमें चुनाव के संदर्भ में विभिन्न निर्णय लिए जाएंगे। समाज जिलाध्यक्ष जितेन्द्र गेहलोद, नगर अध्यक्ष प्रहलाद परिहार, नगर युवाध्यक्ष दयाराम चौहान ने बताया कि गुजराती सेन समाज नगर इकाई मंदसौर का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है अत: चुनाव कर नवीन संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया जाना प्रस्तावित है। सभी समाज बंधुओं और नगर के प्रमुख समाजसेवियों से अनुरोध है, कि उक्त बैठक में सामाजिक एकता ,समरसता और एकत्व की भावना के साथ मिलकर नगर में एक सशक्त संगठन बनाने हेतु पहल की जावेगी। अत: मंदसौर नगर में निवास रत समस्त सेन बंधुओ की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त बैठक में नगर के समस्त सेन परिवार के एक मुखिया की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी बढ़ चढ़कर भाग ले और सामाजिक एकता को का परिचय दें।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालकृष्ण पाटिल का निधन

### मुक्तिधाम पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने दी श्रद्धांजलि, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित कांग्रेस नेताओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की

**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस पार्टी में हमेशा से सक्रियता से कार्य करने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालकृष्ण पाटिल जी आज हमारे बीच में नहीं रहे। वह सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते थे। उनका जीवन संघर्षमय रहा। उन्होंने पूरे जीवन काल में दीन दुखियों की सेवा की।



राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ,समाजसेवी गुरुचरण सिंह बग्गा, वरिष्ठ अभिभाषक मोहन सिंह चौहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दशरथ सिंह झाला, कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह गुर्जर, रविंद्र सिंह रांका, सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष विमल पामेचा, कांग्रेस जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह रघुवंशी, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष कांतिलाल राठौर, अजय लोढ़ा,मनोज भाचावत, विक्रम विद्यार्थी, इंटक कांग्रेस की ओर से गोपाल गुरु,अभिभाषक राजकुमार गुप्ता,कांग्रेस नेता तरुण खींची,मनजीत सिंह टुटेजा,अनिल शर्मा, सागरमल मेहता,जगदीश गुर्जर,अशोक दांगी,अरविंद जेन,देवेंद्र मरच्च्या, डॉ ताज मंसूरी आदि ने शोक सभा में अपनी अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी। अंतिम यात्रा उनके अंशुल विहार निवास से निकली जहां पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर की ओर से उन्हें कांग्रेस पार्टी का ध्वज समर्पित कर अंतिम बिदाई दी गई। उनकी शव यात्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, वीरेंद्र पंडित,रमेश ब्रिजवानी, अमित छाबड़ा,चंद्रमोहन भगत,राजीव गुलाटी,हिम्मत जैन,मयंक मावर सहित बड़ी संख्या में स्नेहीजन शामिल हुए। शोक सभा का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी सहित कांग्रेस नेताओं ने श्री पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री बालकृष्ण पाटिल के निधन पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन,पूर्व मंत्री जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी जयवर्धन सिंह,पूर्व मंत्री सुभाष कुमार सोजतिया, पूर्व प्रभारी अर्चना जायसवाल, सह प्रभारी हेमंत सिंह चौहान, कांग्रेस विधायक डॉ आरके दोगने, विक्रांत भूरिया,महेश परमार ने अपनी ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

## एडीएम श्रीमती गामड़ द्वारा दो ट्रक एवं 26 नग गौवंश राजसात का आदेश

**नीमच, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** एडीएम श्रीमती लक्ष्मीी गामड़ द्वारा पुलिस थाना जावद के अपराध क्रमांक-399/2024 एवं धारा 4,9(1), 6, 6क, 6ख, 9(2) म.प्र. गौवंश वध प्रतिशेध अधि.2004, म.प्र.कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 1959 एवं म.प्र.पशु क्रुरता अधिनियम के प्रकरण में 26 दिसम्बकर 2024 को आदेश पारित कर, जप्तए अशोक लिलेण्डक ट्रक वाहन क्रमांक-पीबी03बीपी6994 एवं ट्रक वाहन क्रं.-पी.बी.10एचजेड3613 तथा उसमें क्रूरतापूर्वक परिवहन कर ले जाए जा रहे कुल 26 नग गाय(गौवंश) को मध्यलप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध नियम के तहत शासन हित में राजसात करने का आदेश जारी किया है।

# कालजयी अमर कवि अटल बिहारी वाजपेयी सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत-कपूर

**मनासा, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री कवि अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती.. जन्म शताब्दी पर मैन ऑफ़ टाइम-विश्व. सुरक्षा अभियान..अंतर्राष्ट्रीय सदभावना मंच के तत्वावधान में 139 वाँ आयोजन : एक शाम - भारत रत्न कवि अटल बिहारी वाजपेयी के नाम.. सेमिनार-कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह संस्थापक-अध्यक्ष कवि संदीप कपूर वक़्तनाम की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने 25 दिसंबर शाम 07 बजे अंतर्राष्ट्रीय पटल गूगल मीट पर जय भारत - जय जगत उदघोष और गुरु वंदना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने अटल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन गीत गाया।

'कवि अटल बिहारी वाजपेयी भारत की शान। उन्हें शत्-शत् नमन.. और है उनका सम्मान।।' गणेश वंदना डॉ कृष्णा सिंह ने और स्वागत गान कवयित्री ब्राह्मी कपूर एवं कवयित्री विश्वांगी कपूर ने किया। उदघाटनकर्ता रेल मंत्रालय भारत सरकार ईस्टर्न रेलवे मालदा पश्चिम बंगाल के एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद, मुख्य अतिथि कवि-साहित्यकार रिटायर्ड एडीएम डॉ शारदाचरण, विशिष्ट अतिथि हिंदी दैनिक समाचार पत्र गुरु एक्सप्रेस के वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा, भारत सरकार मालदा रेलवे राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अनुवादक विद्या सागर, महासचिव समाजसेवी संध्या कपूर, संरक्षक अध्यापक ब्रजेश कुद्ध प्रसाद गौरव, ई अजीत कुमार सिंह, कार्यक्रम निर्देशक डॉ कृष्णा सिंह और कला निर्देशक डॉ तृप्ति कुमारी तान्या ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती पर सभी को शुभकामनाएं दी। सेमिनार में कवि संदीप कपूर वक्तनाम ने कहा कि कालजयी अमर कवि अटल बिहारी वाजपेयी सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत एक बहुआयामी मानव थे। कवि सम्मेलन में एडीआरएम कवि शिव कुमार प्रसाद, कवि अभय कुमार, डॉ कृष्णा सिंह, डॉ तृप्ति कुमारी तान्या, कवि सुयश श्रेयस ने अपनी कविता-गीत-ग़ज़ल की शानदार प्रस्तुति दी। सम्मान समारोह में प्रबुद्ध साहित्यकार-पत्रकार और समाजसेवी बंधुओं को उत्कृष्ट योगदान के लिए 'राष्ट्र नायक अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति सम्मान-2024' प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## छ: दिवसीय स्किल एक्सीपोजर विजिट कर वापस लौटे विद्यार्थी

**नीमच, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्किल एक्सपोजर विजिट, अहमदाबाद के तहत नीमच जिले के दो विद्यार्थी रोहित, ट्रेड इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़दा व फरहान, ट्रेड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अठाना एवं एक व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री अर्पित जोशी एवं श्री राजेश कुमार मलिक छ: दिवसीय भ्रमण कर, वापस नीमच लौटे है। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से वार्तालाप करने पर विद्यार्थियों ने बताया, कि यह भ्रमण उनके लिए बहुत ही लाभकारी रहा।

## दमामी समाज का दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट आज से

**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दमामि समाज द्वारा समाज की खेल प्रतिभाओ को आगे बढ़ाने के लिए 28 व 29 दिसम्बर को दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन मंदसौर मे होने जा रहा है।दमामि समाज के अध्यक्ष प्रहलाद पंवार द्वारा बताया गया कि मंदसौर शहर के चंदरपुरा स्थित पशुपतिनाथ अतिथि ग्रह के समीप दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूनारमेंट मे शनिवार व रविवार को आयोजित होगा। प्रतियोगिता के लिए मैदान मे तैयारियां की जा रही है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 12 टीमे भाग ले रही है।नागदा, बेटमा, कुशलगढ़, रतलाम, आलोट, कांडरवासा, बड़वन सहित पुरे प्रदेशभर से दामामि समाज से टीम मंदसौर मे क्रिकेट खेलेगी। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ शनिवार 28 दिसम्बर को को दोपहर 1 बजे होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर,नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला,भाजपा नेता भानुप्रताप सिसोदिया,विक्रम कनेरिया(बांसुरी वादक)व आदि जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित होंगे। व अंतिम दिन रविवार को दमामि समाज की जो भी टीम जीतेगी। उन्हें 11000 का प्रथम, 5100,द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा।मौसम के अनुसार टूनामेंट कार्यक्रम के समय व दिन मे बदलाव किया जा सकता है।

# दफनाए शव को निकाल कर बंसल और सहयोगियों ने किया मृतक का अग्नि संस्कार

**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** समाज सेवी और पार्षद सुनील बंसल ने एक और निराश्रित और निर्धन व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया। सेवा बैंक से भोजन लेकर जाने वाले राजू भाई पेंटर जिनको दिनांक 24 दिसम्बर को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। कृषि उपज मंडी के पास से राजू भाई की इलाज के दौरान मत्यु हो गई थी।



उनके शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम कर दफना दिया था परंतु जब उसके कुछ जानने वालों ने बताया कि प्रतिदिन सुचित्रा टॉकीज के पास बाहर कंपाउंड में सोता था। दो दिन से वहां नहीं आया तो उन्हें कुछ शंका हुई। उसके एक दिन पहले ही श्री बंसल ने एक दाह संस्कार किया था राजू के जानने वालों ने बंसल से पूछा कि आपने एक व्यक्ति का दाह संस्कार किया क्या श्री बंसल ने उन्हें बताया मैंने तो महिला का दाह संस्कार किया है तो उन्होंने पुन: आस पास तलाश की और जब पुलिस ने फोटोग्राफ्स दिखाए तो उसकी पहचान राजू यादव के नाम से हूई। उसके बाद यादव समाज के अध्यक्ष हेमंत यादव एवं लखन चुडेलिया के सहयोग से सभी ने मिलकर उसके शव को उत्खनन कराया। मृतक के बड़े भाई की लड़की भी उसे समय वहां मौजूद थी। मुक्तिधाम पर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उसे अंतिम विदाई दी गई। मुखाग्नि उनकी भतीजी को साथ लेकर सुनील बंसल, हेमंत यादव और लखन चुडेलिया(कहार), महेश चौहान, अक्षय खाबीया, राकेश बालवानी, भोला धनगर आदि साथियों ने दी।

# स्कूली विद्यार्थियों के प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम31 तक होगें

**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** वनमंडलाधिकारी द्वारा बताया गया कि वन विभाग एवं म.प्र. ईको पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले स्कूली विद्यार्थियों के प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम अनुभूति के इस वर्ष के शिविरो का आयोजन वन विभाग मन्दसौर द्वारा 31 जनवरी 2025 के मध्य किया जा रहा है। वनमण्डल मन्दसौर अंतर्गत कुल 10 शिविरों का आयोजन किया जाना है। जिसमें वनमण्डल मन्दसौर के 05 परिक्षेत्रों में प्रति परिक्षेत्र 02 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रति शिविर शासकीय विद्यालयों के 126 प्रतिभागीयों को शिविर में शामिल किया जायेगा। इस प्रकार अनुभूति कार्यक्रम में शासकीय विद्यालयों के लगभग 1260 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। अनुभूति कार्यक्रम के दौरान सर्वोच्चतम जीव बाघ, चीता एवं तेंदूरों के बारे में अधिक जागरूक करने एवं जंगलो को बचाने एवं पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में बाघ की महत्वपूर्ण भूमिका से परिचय कराने के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम 'मैं भी बाघ' और 'हम है बदलाव रखी गई है।

वनमण्डल मन्दसौर अंतर्गतभानपुरा परिक्षेत्र में 25 एवं 26 दिसम्बर 2024 को ताखाजी हिंगलाजगढ़ वनक्षेत्र में, गांधीसागर अभ्यारण्य पश्चिम में 27 एवं 28 दिसम्बर 2024 को टपकुडी वनक्षेत्र में, गांधीसागर अभ्यारण्य पूर्व में 30 एवं 31 दिसम्बर 2024 को धांगा वनक्षेत्र में, मन्दसौर परिक्षेत्र में 08 एवं 10 जनवरी 2025 को धुंधलेश्वर महादेव रेवास देवड़ा में, गरोठ परिक्षेत्र में 16 एवं 17 जनवरी 2025 को धर्मराजेश्वर (बौद्ध गुफाएँ) वनक्षेत्र में अनुभूति शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

# संकट में सहयोग करें वही सच्चा मित्र होता है-पंकज कृष्ण महाराज

**नीमच, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** हमारे जीवन में जब संकट आता है उस समय जो सहयोग करता है वही सच्चा मित्र होता है। जिस प्रकार गजेंद्र मोक्ष के प्रसंग में मगरमच्छ द्वारा हाथी का पांव पकड़ लिया था जब हाथी के प्राण संकट में थे तब हाथी परमात्मा को पुकारता है और तब परमात्मा हाथी के जीवन की रक्षा करते हैं।इसलिए सुख के समय भी हम भगवान की भक्ति निरंतर करते रहे तो परमात्मा दु:ख की घड़ी में हमारा साथ देते है।इस प्रंसग से हमें शिक्षा मिलती है। कि संकट की घड़ी में हमें कभी घबराना नहीं चाहिए ।संकट का हंसकर मुकाबला करना चाहिए। तभी जीवन सुखमय होता है।यह बात पंकज कृष्ण महाराज ने कहीं। वे आप और हम प्रेमी जन मंडल के तत्वावधान में स्पेंटा पेट्रोल पंप के पीछे श्री शनि देव मंशा पुर्ण महादेव मंदिर इंदिरा नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दान देने से धर्म चल रहा है। दान बंद करेंगे तो धर्म नष्ट हो जाएगा। दया सत्य तप नष्टहोने की कगार पर है। कृष्ण भगवान प्रेम के भूखे थे ।उन्होंने विदुर रानी के केले के छिलके नहीं खालिए थे।उन्होंने अजामिल प्रसंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलयुग में सिर्फ राम नाम जपने मात्र से ही मुक्ति हो जाती है।जड़ भरत के प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि अंत समय में जैसे मति होती है वैसे ही हमारे आत्मा की गति होती है।इसका अर्थ यह है कि अंत समय में प्रभु स्मरण से ही मुक्ति हो सकती है।भक्त प्रहलाद चरित्र से यह शिक्षा मिलती है कि भक्ति की शक्ति से निर्जीव वस्तुओं से भगवान प्रकट हो सकता है।गजेंद्र मोक्ष की कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि आत्म समर्पण कर के ही भगवान प्राप्त हो सकते हैं ना कि अभिमान से।भगवान श्रीराम का चरित्र धारण करने योग्य है।मन की सोच ही बंधन और मुक्ति का कारण होती है। मन के जीते जीत होती है। मन के हारे हार होती है। इसलिए मन को पवित्र रखना चाहिए। तभी जीवन में सफल हो सकते हैं। भागवत कथा एकाग्रता पूर्वक सेवन करें तभी उसका जीवन में लाभ मिल सकता है। जीवों को मारना पाप होता है इसलिए जीव दया करते हुए किसी भी प्राणी को नहीं मारना चाहिए। मांसाहार से पाप होता है इससे सदैव बचना चाहिए। मांसाहार में कुरुर्ता के भाव आते हैं। जीव हत्या के पाप का जो परिणाम होता है उससे कोई भी नहीं बच सकता है। घोड़े और बकरे की बली अर्थ यह होता है कि हमारे अंदर जो अभिमान और ममता है उसका त्याग करना है। शाकाहार में दया के भाव रहते हैं। मानव की सुंदरता कपड़ों से नहीं होती ।मानव की सुंदरता उसके संस्कारों और चरित्र से होती है।बच्चों के सामने मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि बच्चे जैसा देखते हैं वैसा सीखते हैं यदि बच्चों में संस्कार अच्छे लाना है तो हम भी अच्छे संस्कारों के साथ जीवन जीए तभी हमारे बच्चे अच्छे संस्कार सीख सकेंगे। मानव जीवन में कर्म अच्छे हो तो पाप और पुण्य का अंतर करना आ जाता है। पृथ्वी पर जब-जब धर्म की हानि होती है भगवान अवतार लेते हैं। भक्त प्रहलाद ने नारायण की भक्ति को नहीं छोड़ा तो भगवान ने भक्त प्रहलाद को पहाड़ से गिराने तथा समुंद्र में गिराने पर प्राणों की रक्षा की थी।अच्छे कर्म करे तो हमारे बुरे भाग्य को भी अच्छे में बदल सकते हैं । सत्यवती ने निष्ठा के साथ पतिव्रत धर्म का पालन किया तो अपने पति की मृत्यु के बाद यमराज से लड़कर वापस अपने पति को जीवित कर प्राप्त कर लिया था।मनुष्य जीवन में भवसागर से पार होने के लिए हमें अच्छे पुण्य कर्मों पर ध्यान देना चाहिए समय परिवर्तनशील है ।समय एक जैसा नहीं रहता है। समय बदलता रहता है ।दु:खआता है तो सुख भी आता है ।रात आती है तो दिन भी आता है। सुख हो या दु:ख यह समय नहीं रहेगा।

# सम्मान, गरिमा का द्योतक है

**मंदसौर, 27 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सम्मान , अच्छे कार्यों की स्वीकृति होकर व्यक्ति की प्रसंशा का परिचायक है । अच्छी उपलब्धि व हितकारी कार्य करनेवाले के कार्य का एक सकारात्मक मूल्यांकन होता है। अपने अपने क्षेत्रों में उपलब्धि हांसिल करने या विशिष्टकार्य करने पर सभी प्रकार की संबंधित संस्थाएं, संगठन , या प्रकल्प उपलब्धि प्राप्त कर्ता का व्यक्तिगत या उससे जुड़े समूह का सम्मान - अभिनंदन करते हैं। जैसा की हम आए दिन देखते हैं। सार्वजनिक या सामाजिक रूप से यह सम्मान दोनों ओर के वातावरण में एक प्रकार से उत्साह का संचार करता है। सम्मान देने वाला जितना महत्वपूर्ण कार्य करता है उससे अधिक सम्मान प्राप्त कर्ता का उत्साह वर्धन होता है ।उसने जो कार्य किया है सम्मान देने वालों की उसके प्रति निष्ठा व सकारात्मक दृष्टिकोण प्रकट होता है जो अन्यों के लिए भी प्रेरक होता है। उनमें भी अपने कार्य के प्रति लगन व उत्साह पैदा करता है। सम्मान, दोनों पक्षों में आत्म विश्वास बढ़ाता है इसलिए सम्मान करना हमारे यहां की संस्कृती - परंपरा है।



सामाजिक हित , राष्ट्र हित , विशेष क्षेत्र या विशेष सेवा के क्षेत्र में किये गये कार्य , प्राप्त की गई उपलब्धि या किये गये त्याग , जो समाज - देश व उस क्षैत्र को गौरव प्रदान करे , मानव जाति का भला करे , मार्ग दर्शन करे अन्यों के लिए आदर्श ल प्रेरक बने ऐसे व्यक्तित्व को चुनकर संस्था ,संगठन , समाज, देश स्तर से लेकर विश्व स्तर तक सम्मान की परंपरा है व विशेष अवसरों पर सार्वजनिक रूप से सम्मान के लिए सम्मान समारोहों का आयोजन किया जाता है।

समाज सेवा के क्षेत्र में कुछ व्यक्ति मौन रहकर कार्य करते हैं ,ऐसे व्यक्ति जो उचित होता है वैसा करते हैं करते जाते हैं वे किसी को बताते नहीं , अपने कार्य के अतिरिक्त समय में से समय निकालकर भला कर सकने योग्य होता है, भले लोग भला करने में लग जाते हैं। कुछ जीवन पर्यन्त भले कार्य को अपना लेते हैं। जो ऐसे व्यक्तियों व उनके कार्य - व्यक्तित्व की परख करते हैं वे उन्हें प्रकाश में लाते हैं। मीडिया के माध्यम से या अन्य सम्मान करने योग्य संस्था को बताकर उनके महत्व को प्रकट करते हैं सम्मान प्रदान करने के माध्यम से। कुछ व्यक्ति या संस्थाएं मेवा के लिए सेवा करते हैं ताकि अधिसंख्य लोग उनकी सेवा को ध्यान में रखकर उसको जाने - पहचाने व राजनीति में पद प्राप्ति का अवसर आने पर सेवा कार्य को भुनाकर पद प्राप्त कर सकें व सेवा का स्थायी पारिश्रमिक प्राप्त कर सकें। ऐसे में दूसरे भी उनकी सिफारिश कर सके कि ये समाज सेवक हैं । ऐसे व्यक्ति सेवा के माध्यम से अपना इन्वेस्ट करते हैं और अवसर आते ही कई गुना भुनाने की तजवीज कर लेते हैं। ऐसे व्यक्ति या संस्थाएं पब्लिसिटी में उच्च दर्जे से बने रहते हैं इस श्रेणी में अधिकांश एन जी ओ और सेवा के बदले लाभ का पद प्राप्त करने वाले लोग आते हैं। उनके कानों में यह लोकोक्ति गूंजती रहती है , ' करेंगे सेवा तो मिलेगा मेवा।' उनके लिए ये जरूरी भी होता है कि वे बताएं कि सेवा के क्षेत्र में उन्हें किया क्या है ? या यों ही वित्त पोषण प्राप्त करते रहते हैं व अपने व्यक्तियों या खुद को सम्मान दिलवाते रहते हैं। कुछ पब्लिसिटी में बने रहने के लिए सेवा कार्य करते हैं उन्हें उसी में मजा आता है ये उनकी जिजिविषा होती है उनके लिए इतना ही पर्याप्त होता है।

सम्मान मानव समाज की गरिमा को बढ़ाते हैं सच्चे व भलों का सम्मान मानवीयता व इंसानियत का सम्मान है। बुद्धिजीवी व सुहृदयी व्यक्ति व समाजों की यही पहचान है। नि: स्वार्थ भाव से की गई सेवा को समाज याद रखता है। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं कि नि: स्वार्थ भाव से सेवा करने वालों को कभी कभी शंका की दृष्टि से देखने लगे जाते हैं व उन पर उंगली उठाने लग जाते हैं। ऐसे में यह बहुत जरूरी होता है कि पूरी बात जानें उसकी तह तक जाएं , परखें फिर धारणाएं बनाएं । अनुचित धारणा बनाने से मानवीय भावना कुंद होती है उसे हानि पहुंचती है । इन सब से हटकर सुलक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुपथ पर चलकर अच्छे लक्ष्य की प्राप्ति जो अपनी व सबकी गरिमा बढ़ाए जो समाज में उत्साह जागृत कर प्रेरणा प्रदान करे सम्माननीय होता है। दबंगई व ताकत के बल पर सम्मान पाना अलग बात है और विनयानवत रह भला कर - उपलब्धि प्राप्त कर सम्मान पाना अलग बात है। सम्मान ,उत्साह -उर्जा गरिमा और सकारात्मकता का प्रेरक होता है। इसलिए सम्मान की परंपराओं से विरत नहीं हुआ जा सकता। भले व अच्छे लोगों का सम्मान होता रहे , नि: स्वार्थ और सच्चे लोगों का सम्मान होता रहे।

**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 47 | 2290 | 2520 |
| उड़द | 45 | 5500 | 6840 |
| सोयाबीन | 2800 | 3820 | 4426 |
| गैहु | 12444 | 2810 | 3135 |
| चना | 56 | 5300 | 6361 |
| मसुर | 58 | 5300 | 6091 |
| धनिया | 119 | 5400 | 7651 |
| लहसुन | 10000 | 11100 | 26300 |
| मैथी | 276 | 4300 | 5800 |
| मुंगफली | 1610 | 4550 | 5302 |
| अलसी | 482 | 5000 | 6175 |
| सरसो | 163 | 5015 | 5715 |
| तारामीरा | 2 | 4500 | 4580 |
| इसबगोल | 66 | 10000 | 12800 |
| प्याज | 8000 | 751 | 2081 |
| कलोंजी | 10 | 14799 | 18280 |
| तुलसी बीज | 1 | 15100 | 15100 |
| डॉलर | 16 | 9450 | 11501 |
| तिल्ली | 22 | 9501 | 12500 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 2 | 2500 | 4560 |
| असालीया | 7 | 9600 | 143000 |
| चियाबीज | 25 | 10000 | 15680 |


## कार्यालय कलेक्टर जिला मंदसौर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

क्रमांक 2021/रीडर/भू-अर्जन/2024

मंदसौर, दिनाक-18.12.2024
प्रक्र.-0003/अ-82/2024-25

**घोषणा**

**(अंतर्गत धारा 19 भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013) (क्रमांक 30 सन 2013)**

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक 1 मंदसौर जिले में दाब युक्त सुक्ष्म एवं वृहद सिंचाई परियोजना के लिए आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार/व्यक्तिवार सर्वे क्रमांक विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है।

अतः भूमि-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रं.30 सन 2013) की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

**ग्राम दोबड़ा तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर**

| | | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा हेक्टर में | | |
|---|---|---|---|---|
| स.क्रं. | विवरण | सिंचित | असिंचित | कुल |
| 1 | ग्राम दोबड़ा | 0.382 | -- | 0.382 |
| | | 0.382 | -- | 0.382 |

**अनुसूची (2)**

ग्राम दोबड़ा उपखण्ड मल्हारगढ़ जिला मंदसौर में आने वाली निजी भूमि का विवरणः—

| स.क्रं. | प्रभावित कृषक का नाम | खसरा नम्बर | कुल भूमि का रकबा हे.में | प्रभावित भूमि सिंचित हे.में | असिंचित | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जगदीश पिता गंगाराम नि. ग्राम अरनिया जटिया तह. मल्हारगढ़ | 464/1 | 0.020 | 0.008 | -- | 0.008 |
| 2 | बसंतीलाल, भंवरलाल, जगदीश पिता गंगाराम, राधाबाई बेवा गंगाराम गायरी निवासी ग्राम अरनिया जटिया | 464/1 | 0.040 | 0.008 | -- | 0.008 |
| 3 | जगन्नाथ पिता रामचंद्र गायरी निवासी ग्राम अरनिया जटिया | 464/3 | 0.020 | 0.008 | -- | 0.008 |
| 4 | प्रभुलाल पिता रामचंद्र गायरी निवासी ग्राम अरनिया जटिया | 464/4 | 0.020 | 0.008 | -- | 0.008 |
| 5 | धापुबाई पति देवीलाल गायरी निवासी ग्राम अरनिया जटिया | 466/1 | 0.620 | 0.027 | -- | 0.027 |
| 6 | रामगोपाल पिता भागीरथ निवासी ग्राम दोबड़ा | 466/2 | 0.240 | 0.027 | -- | 0.027 |
| 7 | दशरथलाल पिता नाथुलाल ब्राह्मण निवासी ग्राम दोबड़ा | 470/1 | 0.340 | 0.001 | -- | 0.001 |
| 8 | मुकेश पिता नाथुलाल ब्राह्मण निवासी ग्राम दोबड़ा | 470/2 | 0.340 | 0.001 | -- | 0.001 |
| 9 | सुरेशचंद्र पिता नाथुलाल ब्राह्मण निवासी ग्राम दोबड़ा | 470/3 | 0.350 | 0.001 | -- | 0.001 |
| 10 | जगदीश पिता गंगाराम निवासी ग्राम अरनिया जटिया | 473/2 | 0.380 | 0.036 | -- | 0.036 |
| 11 | बसंतीलाल, भंवरलाल, जगदीश पिता गंगाराम, राधाबाई बेवा गंगाराम गायरी निवासी ग्राम अरनिया जटिया | 473/3 | 0.380 | 0.021 | -- | 0.021 |
| 12 | जगन्नाथ पिता रामचंद्र गायरी निवासी ग्राम अरनिया जटिया | 473/4 | 0.600 | 0.021 | -- | 0.021 |
| 13 | मुरीबाई बेवा अमृतराम, बंशीलाल, रमेशचंद्र, कचरीबाई, जसोदाबाई पिता अमृतराम निवासी अरनिया जटिया | 468 | 0.190 | 0.010 | -- | 0.010 |
| 14 | देवीलाल पिता भुवान गायरी निवासी ग्राम अरनियाजटिया | 474 | 2.830 | 0.205 | -- | 0.205 |
| | कुल योग | किता 14 | 6.370 | 0.382 | | 0.382 |

**भूमि का नक्शा (प्लान) का अवलोकन कार्यालय भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी उपखण्ड मल्हारगढ़ के न्यायालय में किया जा सकता है।**

**(अदिति गर्ग)**
**कलेक्टर, जिला मंदसौर एवं पदेन उपसचिव**
**म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

G-20857/24

